भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3152

जिसका उत्तर 20.08.2025 को दिया जाना है

उत्तराखंड का नजीबाबाद-कोटद्वार बायपास

3152 # श्री महेंद्र भट्टः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तराखंड के नजीबाबाद-कोटद्वार मोटर मार्ग की प्रगति रिपोर्ट क्या है जिसके लिए ₹692 करोड़ का प्रावधान किया गया था; और

(ख) उक्त सड़क का कार्य कब तक पूरा हो जाएगा?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) विवरण संलग्न हैं।

उत्तराखंड का नजीबाबाद-कोटद्वार बायपास के संबंध में श्री महेंद्र भट्ट द्वारा दिनांक 20.08.2025 को पूछे गए राज्यसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3152 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

<u>नजीबाबाद से कोटद्वार के बीच कार्य का विवरण</u>

क्र. सं.	**खंड**	**लंबाई (किमी में)**	**चौड़ीकरण योजना**	**कुल पूंजीगत लागत (करोड़ रुपये में)**	**वास्तविक प्रगति % में**	**नियत संशोधित समापन तिथि**
1	नजीबाबाद से कोटद्वार	15.56	2 लेन + पेव्ड शोल्डर	107.43	40%	31.12.2025
2	कोटद्वार बाईपास	5.95	4 लेन	परियोजना सौंपी जा चुकी है, परंतु बाद में ज़मीन पर कब्ज़ा मिलने में देरी के कारण एलओएल वापस ले लिया गया। राज्य सरकार से ज़मीन पर कब्ज़ा मिलने के बाद नई बोली लगाई जाएगी।		

*****